नई फिल्म सिटी का काम जल्द शुरू करने की तैयारी

ग्रेटर नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के सेक्टर-21 में विकसित होने वाली अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी इस साल के अंत तक धरातल पर उतर सकती है। पहले चरण में 230 एकड़ में विकसित होने वाली फिल्म सिटी का ले-आउट तैयार हो रहा है, जोकि दिसंबर में पूरा हो जाएगा। ले-आउट प्लान को प्राधिकरण से मंजूरी मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि पहले चरण के लिए 230 एकड़ भूमि पर बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स और भूटानी ग्रुप ने कब्जा ले लिया है। कुल 230 एकड़ क्षेत्रफल में से 155 एकड़ में औद्योगिक और 75 एकड़ में व्यावसायिक गतिविधियां होंगी। कंपनी जल्द ही जमीन पर भौतिक कब्जा हासिल कर लेगी। इसे लेकर ले आउट प्लान तैयार हो रहा है। कंपनी पहले चरण का निर्माण तीन वर्ष में पूरा करेगी। सेक्टर-21 में 1000 एकड़ में फिल्म सिटी प्रस्तावित है। पहले चरण में 230 और दूसरा 670 एकड़ में पूरा किया जाएगा। इसके निर्माण के लिए दुनियाभर की फिल्म सिटी का अध्ययन किया गया है।

अभिनेता और अभिनेत्रियों के लिए विला बनेंगे

फिल्म सिटी परिसर में अभिनेताओं के लिए विला भी बनाए जाएंगे। इससे अभिनेताओं को होटल में रुकना नहीं पड़ेगा और शूटिंग पर समय पर पहुंचना भी आसान हो जाएगा। फिल्म सिटी से एयरपोर्ट की दूरी मात्र तीन किलोमीटर है। ऐसे में यहां विला बनने से अभिनेताओं को यात्रा करने में भी दिक्कत नहीं होगी।

थीम पार्क विकसित होंगे

फिल्म सिटी में घूमने के लिए आने वाले लोग अच्छा समय बिता सकें, इसके लिए फिल्म आधारित थीम पार्क विकसित किए जाएंगे। खरीदारी करने के लिए शॉपिंग सेंटर होंगे। यह एकमात्र ऐसी फिल्म सिटी होगी, जिसमें डिज्नीलैंड, एम्यूजमेंट पार्क और फिल्म विश्वविद्यालय के अलावा पांच से सात सितारा होटल बनाए जाएंगे।

"बोनी कपूर की कंपनी अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी का ले आउट प्लान तैयार कर रही है, जिसे यीडा से मंजूरी मिलने के बाद साल के अंत तक धरातल पर उतारने का अनुमान है। कंपनी पहला चरण तीन वर्ष में पूरा करेगी। -**शैलेंद्र भाटिया**, ओएसडी यमुना प्राधिकरण

प्रथम चरण में 230 एकड़ में होने वाले कार्य

- फिल्मिंग सुविधाएं 135 एकड़
- फिल्म संस्थान 20 एकड़
- व्यावसायिक गतिविधियां 75 एकड़

खर्च का विवरण

- फिल्म निर्माण के संसाधन पर खर्च 832.91 करोड़
- स्टूडियो, ओपन सेट्स सहित हॉस्पिटैलिटी 373.93 करोड़
- सर्विस एकोमोडेशन में 315.07 करोड़